"Asita has been our own effort at such rejuvenation. Just 6 months back, this fragile riverine eco-system was a dump yard of waste, squatters and stray animals. Persistent efforts by DDA has resulted in salvaging a self- contained eco system that houses rich natural diversity."

राष्ट्रीय सहारा
नई दिल्ली। सोमवार • 6 मार्च • 2023

एनडीएमसी का जी 20 फ्लावर सीपी में फेस्टिवल 11 से

नई दिल्ली (आईएएनएस)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) 11 और 12 मार्च को सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस में जी 20 फ्लावर फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य जी20 सदस्य और अतिथि देशों की जीवंतता और रंगीन प्रदर्शन को भारत की राजधानी में प्रदर्शित करना है।

गौरतलब है कि नई दिल्ली में कनॉट प्लेस, दिल्ली का एक प्रमुख पर्यटक, वाणिज्यिक आकर्षण है, जहां हर दिन बड़ी संख्या में पर्यटक और नागरिक आते हैं। यह फूल उत्सव जी20 सदस्यों और अतिथि देशों के बारे में आम जनता के बीच प्रचार और जागरूकता का एक अवसर है। इसमें विभिन्न रंगों और किस्मों के फूलों के पौधों को विभिन्न रूपों और स्थापनाओं, संरचनाओं में प्रदर्शित किया जाएगा। एनडीएमसी भारतीय उपमहाद्वीप की विविधता को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न फूलों के पौधों को प्रदर्शित करेगी।

एनडीएमसी के इस पुष्प महोत्सव में भाग लेने के लिए सभी जी20 सदस्य देशों और अतिथि देशों को आमंत्रित किया गया है। एनडीएमसी सभी भाग लेने वाले जी20 सदस्य देशों और अतिथि देशों को पुष्प महोत्सव के लिए आवश्यक स्थान प्रदान करेगी। इस फ्लावर फेस्टिवल में जी20 सदस्य देश और अतिथि देश प्रदर्शित करने के लिए फूलों के पौधे और अन्य पौधे लाएंगे। फूलों के पौधे और कोई भी अन्य पौधे गमलों में लगे पौधों की विभिन्न किस्मों को या तो स्थानीय रूप से या उनके देश में उत्पादित हो, वे उन्हें यहां प्रदर्शित कर सकते हैं।

एनडीएमसी के इस फ्लॉवर फेस्टिवल में विभिन्न सरकारी विभागों की भागीदारी भी देखी जाएगी। इनमें बागवानी विभाग, नागरिक एजेंसियां, प्रमुख नर्सरी, वागवानी

■ वनस्पतियों और जीवों की थीम पर स्कूली बच्चों के बीच स्थल पर पेंटिंग प्रतियोगिता भी की जाएगी आयोजित

उपकरण, बीज, उर्वरक आदि के आपूर्तिकर्ता भी शामिल होंगे। मौसमी और विशिष्ट वनस्पतियों की यहां एक विशाल विविधता प्रदर्शित की जाएगी। इस महोत्सव में फूलों के उत्सव के दौरान जी20 सदस्य देशों और अतिथि देशों के राष्ट्रीय फूलों या प्रमुख फूलों के बगीचों जैसे फूलों की पेंटिंग या तस्वीरें भी दिखाई जाएंगी। फ्लावर फेस्टिवल के दौरान किसी भी फूल, सजावट या फूलों की व्यवस्था का प्रदर्शन भी किया जा सकता है।

वनस्पतियों और जीवों की थीम पर स्कूली बच्चों के बीच स्थल पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। सभी जी-20 सदस्य देशों और अतिथि देशों से अनुरोध है कि वे पुष्प महोत्सव में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते समय उन्हें अपनी रुचि की अभिव्यक्ति को जल्द भेजने का अनुरोध किया गया है, ताकि एनडीएमसी इस पुष्प महोत्सव में प्रतिभागियों को उनकी पुष्प प्रदर्शनी के प्रदर्शन के लिए प्रमुख स्थान आवंटित कर सके। एनडीएमसी के इस फ्लावर फेस्टिवल में जी20 सदस्य देशों और अतिथि देशों के अलावा, एनडीएमसी ने विभिन्न सरकारी विभागों जैसे सीपीडब्ल्यूडी, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए, जल बोर्ड, नोएडा और गाजियाबाद प्राधिकरण, आईसीएआर और नई दिल्ली में देश के विभिन्न राज्यों के राज्य - भवनों और सदनों को भी आमंत्रित किया है। बागवानी के प्रति उत्साही लोगों के लिए यह पुष्प प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण त्योहार होगा। यहां फ्लावर फेस्टिवल में डहलिया, बोगेनविलिया, पत्तेदार पौधे, बोन्साई, कैक्टस और पॉटेड पौधों में रसीले पौधे, हैंगिंग बास्केट, फ्लोरल फिगर और बोर्ड, ट्रे गार्डन, फ्लोरल अरेंजमेंट्स आदि जैसे रंगीन और जीवंत फूलों के विभिन्न वर्गों को विभिन्न रूपों में प्रदर्शित किया जाएगा जो भारतीय उपमहाद्वीप की विविधता को दर्शाता है। इस पुष्प महोत्सव का समय सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। आम जनता के लिए प्रवेश निःशुल्क होगा और प्रवेश कनॉट प्लेस के डी ब्लॉक के सामने वाले गेट से होगा। लोग विभिन्न स्टालों से अपने पसंदीदा पौधे, फूल आदि भी खरीद सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost ▸ 6 मार्च, 2023 ▸ सोमवार -DATED-
MONDAY, 6 MARCH, 2023 | NEW DELHI

TO SHOWCASE VIBRANCY AND COLOURFUL DISPLAY

NDMC's G-20 Flower Fest on Mar 11, 12

SATVIKA MAHAJAN

NEW DELHI: New Delhi Municipal Council is organising the "G-20 Flower Festival" at Central Park, Connaught Place on March 11 and 12. The objective is to showcase the vibrancy and colourful display of G-20 member and guest countries.

Connaught Place in New Delhi is a major tourist and commercial attraction of Delhi where large numbers of tourists and citizens visit every day, the flower festival is an opportunity for publicity and awareness amongst the general public about G-20 members and guest countries.

The Flower Festival will also witness participation from various govt depts, civic agencies, leading nurseries

Flowers of different colours & varieties will be displayed in the different forms and installations. NDMC will provide required space to all the participating G-20 member countries and guest countries for the flower festival.

The timings of the festival will be from 10 am to 7 pm. The entry will be free for the general public and will be from Gate opposite to D-Block. The public can also purchase their favourite plants, flowers etc from various stalls. NDMC will also arrange musical and cultural programmes on the site at the Central Park Amphitheatre.

The G-20 member countries and guest countries will bring flower plants and any other plants to display during the flower festival. The Flower Festival will also witness the participation from various govt departments, civic agencies, leading nurseries, supplier of horticulture equipment, seeds, fertilisers, etc.

A large variety of seasonal and exclusive flora would be at display. It will also feature paintings and photographs of flowers such as national flowers or major flower gardens of G-20 member countries and guest countries during the Flower festival.

A painting competition will also be organised at the site amongst the school children on the theme of Flora and Fauna.

Apart from G-20 member countries and guest countries, NDMC has also invited the various government departments like CPWD, PWD, MCD, DDA, Jal Board, Noida & Ghaziabad authority, ICAR and State Bhawans and Houses in New Delhi.

G-20: Diplomats of 11 countries visit Asita East park on Yamuna floodplain

OUR CORRESPONDENT

NEW DELHI: Diplomats of 11 countries visited Asita East, a biodiversity park on the Yamuna floodplain, for a nature trail and birdwatching, officials said on Sunday.

In an effort aimed at showcasing Delhi's natural heritage before the world leaders congregating in the national Capital for various G-20 events, Lieutenant Governor V K Saxena hosted the envoys at Asita East, which has been restored by the Delhi Development Authority (DDA).

Saxena exhorted all stakeholders to put in collective efforts in undoing the destruction caused to the natural heritage due to rampant urbanisation.

"Asita has been our own effort at such rejuvenation. Just six months back, this fragile riverine ecosystem was a dump yard of waste, squatters and stray animals. Persistent efforts by DDA has resulted in salvaging a self-contained ecosystem that houses rich natural diversity.

Delhi Lt Governor VK Saxena addresses envoys

G-20 delegates at the flood plains of the River Yamuna

"Though the Yamuna floodplain remains fragile, efforts are being made to restore and rejuvenate Delhi's natural heritage that is crucial for making Delhi environmentally sustainable with a refurbished green-blue ecosystem," he said.

Ambassadors and other diplomats of 11 countries, including some G-20 member nations, visited Asita East early morning and went on a nature trail and birdwatching tour along the floodplain, spotting more than 30 species of birds, according to a Raj Niwas statement.

India's G-20 Sherpa Amitabh Kant, Minister of State for External Affairs Meenakashi Lekhi and former foreign secretary Harsh Vardhan Shringla were also present.

Housing varied flora and fauna, including rare migratory birds, the complex has evolved into a paradise for birders in a short span of time, it said.

Diplomats also went cycling through the vast grasslands of Asita East. Considering the eco-sensitive character of the floodplain, the visitors left their vehicles right at the entrance on Vikas Marg and took electric carts to reach the floodplain. Some of the visitors also preferred walking to the floodplain, the statement said.

It said the diplomats were visibly impressed by the turnaround of this stretch of the Yamuna floodplain in a record time of less than six months.

Spread over 90 hectares, Asita East has been rejuvenated by restoring natural depressions, creating catchment zones, reviving floodplain forests and grasslands and creating favourable habitats especially for water and terrestrial birds.

The floodplain had degraded into a dumping ground and was largely encroached upon by squatters. However, with the intervention of the Delhi High Court, the squatters were removed and the entire area was reclaimed by the DDA.

पंजाब केसरी
DELHI

एलजी ने असिता में की जी-20 की मेजबानी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को जी-20 बैठक के लिए राजधानी में एकत्र होने वाले विश्व नेताओं के समक्ष दिल्ली की प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से यमुना के बाढ़ के मैदानों पर डीडीए द्वारा विकसित असिता में जी-20 और अन्य देशों के दूतों व राजनयिकों की मेजबानी की। इससे डीडीए द्वारा 6 महीने से भी कम समय के रिकॉर्ड समय में एक सार्वजनिक हरित स्थान के रूप में बहाल करते हुए इसका कायाकल्प किया है। 11 देशों के राजदूतों और अन्य राजनयिकों ने सुबह के समय असिता पूर्व का दौरा किया और पक्षियों की 30 से अधिक प्रजातियों को देखा। इस दौरान एलजी ने यमुना के बाढ़ क्षेत्र को फिर से जीवंत करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की और सभी स्टेक होल्डर्स से बड़े पैमाने पर शहरीकरण के कारण प्राकृतिक विरासत को हुए नुकसान को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। असिता पूर्व में लगभग 2.5 हेक्टेयर आकार की एक पुनर्निर्मित आर्द्रभूमि है जो 60 मिलियन लीटर से अधिक पानी बढ़ा रही है। इसमें केवल छह महीने के रिकॉर्ड समय में फ्लड प्लेन इकोसिस्टम के 4000 देशी पेड़ और लगभग 3.35 मिलियन नदी की घास लगाई गई है। इन सभी ने लगभग 63 किस्मों के निवासी और प्रवासी पक्षियों को इस सर्दी में अपना घर बनाने के लिए आकर्षित किया है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS अमर उजाला ----------DATED---------- नई दिल्ली | सोमवार, 6 मार्च 2023

तैयारी

सेंट्रल पार्क में आयोजित होने वाले उत्सव में जी-20 देशों के प्रतिनिधि भी करेंगे शिरकत

जी-20 फ्लावर फेस्टिवल का आयोजन करेगी एनडीएमसी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) 11 और 12 मार्च को कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में जी-20 फ्लावर फेस्टिवल का आयोजन कर रही है। इसका उद्देश्य जी-20 सदस्य और अतिथि देशों की जीवंतता और रंगीन प्रदर्शन को भारत की राजधानी में प्रदर्शित करना है। इस दौरान विभिन्न रंगों और किस्मों के फूलों के पौधों को विभिन्न रूपों और संरचनाओं में प्रदर्शित किया जाएगा।

एनडीएमसी भारतीय उपमहाद्वीप की विविधता को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न फूलों के पौधों को प्रदर्शित करेगी। एनडीएमसी ने फ्लावर फेस्टिवल में भाग लेने के लिए सभी जी-20 सदस्य देशों और अतिथि देशों को आमंत्रित किया है। वहीं फेस्टिवल में जी-20 सदस्य देश और अतिथि देश प्रदर्शित करने के लिए फूलों के पौधे और अन्य पौधे लाएंगे। वे गमलों में लगे विभिन्न किस्मों के फूलों के पौधे और कोई भी अन्य पौधे स्थानीय रूप से या अपने यहां उत्पादित होने वाले प्रदर्शित कर सकते है। इस फेस्टिवल में विभिन्न सरकारी विभाग मसलन बागवानी विभाग, नागरिक एजेंसियां, प्रमुख नर्सरी, बागवानी उपकरण, बीज, उर्वरक आदि के आपूर्तिकर्ता भी शामिल होंगे।

वनस्पतियों और जीवों की थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता का होगा आयोजन

सीपीडब्ल्यूडी, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए, दिल्ली जल बोर्ड, नोएडा और गाजियाबाद प्राधिकरण, आईसीएआर और नई दिल्ली में देश के विभिन्न राज्यों के भवनों और सदनों को भी आमंत्रित किया है। इस दौरान जी-20 सदस्य देशों और अतिथि देशों के राष्ट्रीय फूलों या प्रमुख फूलों के बगीचों से संबंधित फूलों की पेंटिंग या तस्वीरें भी दिखाई जाएगी। यही नहीं वनस्पतियों और जीवों की थीम पर स्कूली बच्चों के बीच एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

यमुना के किनारों की रौनक देखने पहुंचे जी-20 देशों से आए प्रतिनिधि। अमर उजाला

जी-20 देशों के प्रतिनिधियों ने देखी प्राकृतिक विरासत

नई दिल्ली। जी 20 बैठक में शामिल होने आए प्रतिनिधि मंडल दल ने रविवार को यमुना किनारे दिल्ली की प्राकृतिक विरासत देखी। दल के साथ दिल्ली के उपराज्यपाल वी.केसक्सेना, राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी भी उपस्थित रहे। यमुना के इस बाढ़ क्षेत्र का जीर्णोद्धार और कायाकल्प डीडीए ने छह महीने से कम समय में किया है। इस अवसर पर 11 देशों के राजदूतों और अन्य राजनयिकों ने सुबह-सुबह असिता पूर्व का दौरा किया। साथ ही यहां पक्षी देखे। यहां पर पक्षियों की 30 से अधिक प्रजातियां हैं। इसमें दुर्लभ प्रवासी भी शामिल हैं। ब्यूरो

दैनिक भास्कर

नई दिल्ली, सोमवार 06 मार्च, 2023 | 03

रोहिणी सेक्टर-14 के खेल परिसर में रबराइज्ड ट्रैक का उद्घाटन

ट्रैक का काम दो माह में पूरा होगा पीएम मोदी करेंगे उद्घाटनः गुप्ता

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण(डीडीए) द्वारा रविवार को रोहिणी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-14 के खेल परिसर में रबराइज्ड ट्रैक का उद्घाटन रविवार को पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, विधायक व सदस्य दिल्ली विकास प्राधिकरण, विजेंद्र गुप्ता ने किया। समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र के निवासियों द्वारा लंबे समय से इस सुविधा की मांग की जा रही थी। निवासियों के से दिल्ली विकास प्राधिकरण से इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करवाने में सफल हुए।

विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि वे रोहिणी के तीव्र विकास व आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण करने के लिए दृढ संकल्पित हैं तथा उनका प्रयास है कि क्षेत्र में सभी आधुनिक सार्वजनिक सुविधाएं मुहैया होनी चाहिए। रोहिणी खेल परिसर में बने ट्रैकों रबडराइज्ड करना इस दिशा में एक प्रयास है।

उन्होंने कहा कि रोहिणी के लगभग सभी सेक्टरों में डीडीए के सभी पार्कों में बने ट्रेकों को पहले ही रबड युक्त फर्शों का निर्माण डीडीए द्वारा करवाया गया है। वे उन सभी सुविधाओं को रोहिणी में देखना चाहते हैं जो देश व दिल्ली के अन्य भागों में उपलब्ध हैं। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि रोहिणी सेक्टर-7 व 8 की सडको के नवीनीकरण का काम शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सेक्टर-14 रोहिणी स्थित खेल परिसर दिल्ली में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसी तरह तीन और खेल परिसर रोहिणी में विकसित किए जा रहे हैं जिनका उद्घाटन जनवरी-2024 में पीएम नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया जाएगा।

एलजी ने की जी-20 में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों की मेजबानी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

रविवार को दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने डीडीए द्वारा यमुना किनारे बनाए असिता ईस्ट में जी20 की मीटिंग के लिए दिल्ली पहुंचे प्रतिनिधियों की मेजबानी की, जहां अलग-अलग देशों से आए डेलिगेशन में शामिल कई दूतों और अन्य लोगों ने ईको सिस्टम का भ्रमण किया और इसके साथ-साथ विदेशी प्रवासी पक्षियों को देखा। ये सभी डेलीगेशन जी-20 को लेकर की जा रही तैयारियों को देखा और डीडीए के द्वारा एलजी के मार्गदर्शन में पर्यावरण बहाली के लिए बनाई गई कृत्रिम नदी व ईको सिस्टम में टहलने और पक्षियों को देखने पहुंचे थे।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 4 मार्च 2023

दिल्ली में कटने वाले पेड़ों के बदले दूसरे राज्यों में लगाए जाएंगे पौधे?

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

भविष्य में विकास कार्यों के लिए काटे जाने वाले पेड़ों के बदले में क्षतिपूर्ति पौधारोपण अन्य राज्यों में हो सकता है। उत्तर रेलवे ने वन विभाग को पेड़ों को काटने की अनुमति के साथ सलाह दी है कि वह इसके एवज में क्षतिपूर्ति पौधे यूपी में लगाए जा सकते हैं। वन विभाग के अधिकारी के अनुसार यह प्रपोजल अभी उत्तर रेलवे को वापस कर दिया गया है। इसमें कुछ कमियां हैं।

उत्तर रेलवे ने बिजवासन टर्मिनल के लिए फरवरी में फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए यह आवेदन किया था। इस प्रपोजल के तहत बिजवासन में भविष्य के ट्रैफिक की जरूरतों को देखते हुए एक पैसेंजर और माल ढुलाई सुविधा भी प्रस्तावित है। इसके लिए डीडीए ने करीब 110 एकड़ की जमीन बिजवान में चिह्नित कर ली है। यह टर्मिनल आईजीआई एयरपोर्ट के पास बन रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली की करीब 6.7 हेक्टेयर वन भूमि को डायवर्जन किया जाना भी प्रस्तावित है। इस फॉरेस्ट लैंड के डायवर्जन के बदले रेलवे ने सुझाव दिया है कि वह उत्तर प्रदेश के मुजफरनगर और बागपत में क्षतिपूर्ति पौधे लगा सकता है। पिछले साल डीडीए ने भी मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट, फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज को पत्र लिखकर अपील की थी कि केंद्र सरकार के और कुछ अन्य प्रोजेक्ट के लिए क्षतिपूर्ती पौधों को लगाने के लिए आसपास के राज्यों में अनुमति दी जाए। डीडीए के पास अब क्षतिपूर्ति पेड़ों के लिए जगह नहीं है।

फॉरेस्ट एडवाइजरी कमिटी ने इस मामले पर पिछले साल विचार करने का निर्णय लिया था। पिछले साल हुई मीटिंग के कहा गया था कि कमिटी यह सुझाव दे रही है कि यदि प्रक्षतिपूर्ति पौधे लगाने की जगह न हो या कोई ठोस कारण हो, तो ऐसे मामलों में मंत्रालय हर मामले की गंभीरता को देखकर निर्णय ले सकता है।

दिल्ली में जगह नहीं

- बिजवासन टर्मिनल प्रोजेक्ट के तहत मुज्जफरनगर और बागपत में पौधे लगाने का दिया था सुझाव
- वन विभाग के अधिकारी के अनुसार यह प्रपोजल अभी उत्तर रेलवे को वापस कर दिया गया

संजय वन में कल पहला बर्ड फेस्टिवल

WWF (इंडिया) के साथ मिलकर डीडीए कर रहा है आयोजन

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

इस संडे पांच मार्च को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के साथ मिलकर डीडीए संजय वन में पहले बर्ड फेस्टिवल का आयोजन करने जा रहा है। इस दौरान यहां कई मनोरंजक गतिविधियां, नेचर वॉक, वर्कशॉप आदि का आयोजन होगा। यह आयोजन वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे के उपलक्ष्य पर हो रहा है, जो शुक्रवार 3 मार्च को था।

डीडीए अधिकारियों के अनुसार देश के सभी राज्यों की राजधानियों में दिल्ली पक्षियों के मामले में दूसरे स्थान पर है। यहां काफी संख्या में पक्षियों की स्थानीय प्रजातियां तो मिलती ही हैं साथ ही सर्दियों और गर्मियों के दौरान विदेशी परिंदे भी नजर आते हैं। संजय वन में 200 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां रहती हैं। डीडीए (लैंडस्केप) के डिप्टी डायरेक्टर पी कुमार के अनुसार डीडीए और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया की पार्टनरशिप को काफी समय हो गया है। डीडीए को उम्मीद है कि इस तरह की पहल के अब रिजल्ट दिखेंगे। उन्होंने कहा कि पक्षियों को देखकर हमें काफी कुछ सीखने को मिलता है। इससे पहले हम संजय वन में एक्सपर्ट के साथ ड्रेगनफ्लाई फेस्टिवल व कई अन्य आयोजन कर चुके हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सीओओ करण भल्ला ने कहा कि यहां लोगों को कई प्रजातियों के पक्षी देखने को मिलेंगे।

क्या होगा फेस्टिवल में खास : नेचर वॉक में एक्सपर्ट लोगों को कई ग्रुप्स में लेकर जाएंगे और देशी व विदेशी प्रजातियों के बारे में जानकारी देंगे। यहां पक्षियों को देखने का मौका मिलेगा।

Hindustan Times NEW DELHI SATURDAY MARCH 04, 2023

DDA, WWF to organise bird fest at Sanjay Van

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

NEW DELHI: The Delhi Development Authority (DDA) and World Wildlife Fund (WWF)-India will jointly host a bird festival at Sanjay Van on Sunday, officials aware of the matter said on Friday. The festival, they said, will look to highlight the Capital's avian diversity and will consist of activities such as nature trails and workshops.

Sanjay Van, a reserve forest in south Delhi that comes under the jurisdiction of DDA, is home to more than 200 species of birds over the course of the year, according to estimates by experts — apart from Delhi's permanent bird population, a large number of species migrate to the city during the summer or the winter.

WWF-India said it has curated the bird festival as a series of events and experiences, including an exhibition for Delhi residents to experience and celebrate birds in the city, adding that this was an extended commemoration of the World Wildlife Day, which is celebrated on March 3 each year.

"DDA and WWF-India have joined hands to create a hub for 'Learning with Nature' within the heart of the city. It offers the residents of Delhi a unique platform to value Delhi's biodiversity and to be involved in its protection," said Karan Bhalla, COO, WWF-India.

Those looking to attend the festival can register at bit.ly/SanjayVanBirdFestival.

Peush Kumar, deputy director (landscapes), DDA, said, "DDA hopes that the number of initiatives being undertaken shall continue to bear fruit."

{ WETLAND BODY FORMS PANEL }

Probe into govt centre being built on 'dry pond'

Jasjeev Gandhiok
jasjeev.gandhiok@hindustantimes.com

NEW DELHI: Taking cognisance of a complaint by local residents and an NGO alleging that a cultural centre is being built at the site where a village pond (johad) once existed in Budhela in Vikaspuri, the State Wetland Authority of Delhi has written to its grievance committee to look into the matter and take corrective action.

The pond, said to have dried up in 2003, was spread over an area about 1 to 1.5 acres.

The complaint alleges that a Sahitya Kala Parishad (SKP) complex is now being built through the Delhi Tourism and Transportation Development Corporation (DTTDC) at the site.

Residents alleged that though the this piece of land is demarcated as a pond in the Delhi Development Authority (DDA) records, authorities are going ahead with the project anyway.

The complaint says that, in 2004, the same land was "wrongfully allotted to the Delhi government by DDA, which floated a tender for the construction of the complex in 2021".

"The Wetland Authority of Delhi has received a grievance regarding a pond in Budhela. It is requested that necessary action may be initiated," said the member secretary of the Delhi SWA in a letter dated March 2. HT has seen the letter.

A government official, however said, "There is no involvement of any government department or government employee in any such activity."

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

* SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI
MARCH 5, 2023

Nod must to hike fees at pvt schools: DoE

TIMES NEWS NETWORK

New Delhi: For the new academic session, which is scheduled to start on April 1, no private school built on government land will be able to increase its fees without an approval of the directorate of education (DoE).

In a circular, DoE said, "All the head of schools/managers of private unaided recognised schools, allotted land by the land-owning agencies on the condition of seeking prior sanction of director of education for increase in fees, are directed to submit their proposals, if any, for prior sanction of DoE through the website of the directorate."

The fee hike proposal can be submitted online between March 6 and March 27.

"Any incomplete proposal submitted by the schools shall be instantly rejected without any hearing. Further, no manual submission of fee hike proposal by any school shall be considered. The proposals submitted by the schools shall be scrutinised/examined by the director of education through any officer or team authorised on his behalf. All such schools are strictly directed not to increase any fee until the sanction is conveyed to their proposal by DoE," added the circular.

The order from DoE is in compliance with a HC order on January 19, 2016

In case, no proposal is submitted, the school shall not increase its fee for the academic session 2023-24. "Any complaint regarding increase of any fee without such prior approval will be viewed seriously and action shall be taken as per the statutory provisions and directions of the hon'ble high court, including a request to DDA for cancellation of lease deed executed in favour of the defaulter school's society," added the circular.

The order is in compliance with an order dated January 19, 2016 of Delhi High Court. It had directed DoE to ensure the compliance of the terms, if any, in the letter of allotment regarding the increase of the fee by private schools allotted land by DDA and other land-owning agencies.

4 दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 4 मार्च, 2023
दिल्ली जागरण
www.jagran.com

दिल्ली में बनेगी चौथी जेल, रखे जाएंगे खतरनाक कैदी

नरेला में बनाई जाएगी 250 सेल वाली जेल

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : केंद्र सरकार द्वारा अंडमान निकोबार द्वीप समूह की सेलुलर जेल की तर्ज पर दिल्ली में 120 करोड़ रुपये की लागत से दिल्ली को जल्द ही नरेला में उच्च जोखिम वाले कैदियों को रखने के लिए चौथी जेल मिलेगी.दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परियोजना के पीछे विचार यह है कि वे कैदी, जो राज्य के खिलाफ किए गए अपराधों के कारण जेल में हैं, अलग रखे जा सकें। हालांकि तिहाड़, रोहिणी और मंडोली में यह सुविधा है, लेकिन नया जेल परिसर केवल ऐसे कैदियों को रखने के लिए बनाया जाएगा, जो समाज के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय इस जेल परिसर के निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपये आवंटित करेगा।

परियोजना के लिए आगामी बजट में दिल्ली सरकार से भी धन मांगा जाएगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने नरेला में जेल के लिए जमीन आवंटित की है। किसी-न-किसी योजना के मुताबिक जेल में 250 सेल होंगे और इसे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सेलुलर जेल पर बनाया गया है। अधिकारी के अनुसार, जेल में योग जैसी सुधारात्मक सुविधाएं भी होंगी। एक ऐसी फैक्ट्री भी होगी, जहां कैदी कुछ चीजें भी बना सकेंगे। जेल बनाने का उद्देश्य एक सुधार केंद्र के रूप में काम करना है। यह जेल, भले ही इसमें आतंकियों और गैंगस्टरों को रखा जाएगा, लेकिन इसमें योग जैसी सुविधाएं होंगी। परियोजना शुरुआती चरण में है और केंद्र से धन आने के बाद परियोजना पर काम तेज हो जाएगा।

यह पूछने पर कि क्या नई जेल में अन्य पड़ोसी राज्यों के हाई-प्रोफाइल कैदी भी होंगे, अधिकारी ने कहा कि प्राथमिकता दिल्ली की जेलों में बंद कैदियों को रखने की है, लेकिन अगर हमें कोई अनुरोध या कुछ निर्देश मिलते हैं, तो इसका पालन भी करना होगा।

निर्माण के लिए 120 करोड रुपये देगा गृहमंत्रालय, राज्य के खिलाफ किए अपराधों के कारण जेल में बंद कैदी ही रखे जाएंगे

यह होगी सुरक्षा व्यवस्था

जेल की सुरक्षा व्यवसथाओं में सीसीटीवी कैमरे, चौबीसो घटे निगरानी, कैदियो के बीच ज्यादा बातचीत न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए आइसोलेशन रूम, ऊंची दीवारे और बेहतर तकनीक के मोबाइल जैमर शामिल होंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैदियो को बाहरी दुनिया की भनक तक न लगे।

दिल्ली में हैं अभी तीन जेल परिसर

राष्ट्रीय राजधानी मे अभी तिहाड, रोहिणी और मडोली, तीन जेल परिसर है। तिहाड, जिसे दुनिया के सबसे बडे जेल परिसरो मे से एक माना जाता है, मे नौ केंद्रीय जेल शामिल है। इसमे 5,200 कैदियो को रखने की क्षमता है, लेकिन वर्तमान मे इसकी विभिन्न केंद्रीय जेलो मे 13,183 कैदी बद हैं। मंडोली मे छह केंद्रीय जेल हैं। इसकी क्षमता 1,050 है, लेकिन वर्तमान मे 2,037 कैदी वहा रह रहे है। रोहिणी मे केवल एक सेंट्रल जेल है, जिसकी क्षमता 3,776 है, लेकिन वहा 4,355 कैदी बद हैं। इन जेलो मे बद उच्च जोखिम वाले कैदियो मे ओलंपिक रजत पदक विजेता सुशील कुमार, ठग सुकेश चद्रशेखर और कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक शामिल है।

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 4 मार्च, 2023

संजय वन में रविवार से बर्ड फेस्टिवल का आगाज

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : राजधानी में रविवार से बर्ड फेस्टिवल का आगाज होने जा रहा है। संजय वन में लगने जा रहे इस फेस्टिवल में नेचर वाक, पक्षी आधारित कला और शिल्प, वर्कशाप आदि का आयोजन होगा। इसे दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और वर्ल्ड वाइड फंड फार नेचर - इंडिया (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया) द्वारा मिलकर मनाया जा रहा है। शुक्रवार को वन्यजीव दिवस पर इसकी घोषणा की गई।

दिल्ली विकास प्राधिकरण के उप निदेशक (लैंडस्केप) पीयूष कुमार ने बताया कि प्राधिकरण और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के बीच रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से नागरिकों के बीच प्रकृति आधारित शिक्षा प्रदान करने और पर्यावरण की समझ पैदा करने के लिए इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संजय वन बर्ड फेस्टिवल 'प्रकृति के साथ काम करें, इसके विपरीत नहीं...' का एक प्रयास है। इससे पूर्व भी डीडीए ने संजय वन में वनस्पतियों और जीवों पर आधारित ड्रैगनफ्लाई फेस्टिवल का आयोजन कर चुका है।

संजय वन में प्रकृति का आनंद लेने पहुचे पर्यटक ● सौ. आयोजक

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के सीओओ करण भल्ला ने कहा कि डीडीए और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया ने संजय वन में 'लर्निंग विद नेचर' के लिए एक हब बनाने के लिए हाथ मिलाया है। संजय वन में 200 से अधिक पक्षी प्रजातियों को एक साथ इसे देखने के लिए यह एक समृद्ध यात्रा होगी, जिसमें हमारे बीच के अद्भुत प्राकृतिक आवासों को जानने और उनकी रक्षा करने में शहर के सभी उम्र के निवासियों को शामिल किया जाएगा।

फेस्टिवल में खास

नेचर ट्रेल्स : वर्ड वाक के जरिये प्रवासी प्रजातियों को देखने का मौका मिलेगा।

पक्षी आधारित कला और शिल्प : स्टोन पेंटिंग और बाडी आर्ट तक कई प्रकार के स्टाल लगाए जाएंगे।

इंटरएक्टिव मल्टीमीडिया प्रदर्शन : पक्षियों से संबंधित इंटरेक्टिव मल्टीमीडिया के माध्यम से पक्षियों के बारे में जानेंगे। **खेल-आधारित शिक्षा** के माध्यम से पक्षियों की खोज और बर्डवाचिंग के लिए एक स्टाल भी होगा।

वर्कशाप : एक बर्डवाचर्स के रूप में विशेषज्ञ निखिल देवासर प्रवासी पक्षियों और प्रवास पर दिल्ली की पक्षी विविधता पर एक वर्कशाप का नेतृत्व करेंगे। एक प्रदर्शनी भी लगेगी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS----------DATED----------

2 दैनिक जागरण नई दिल्ली, 5 मार्च, 2023

नए मास्टर प्लान में दिख रहा प्लानिंग का घोर अभाव

दिल्ली का अगले 20 वर्ष का मास्टर प्लान 2041 बनकर तैयार, पुरानी कालोनियों के पुनर्विकास का जिक्र नहीं

संजीव गुप्ता● नई दिल्ली

अगले 20 वर्ष की दिल्ली के लिए नया मास्टर प्लान-2041 तो बन गया, जल्द ही अधिसूचित भी हो जाएगा, लेकिन दो खंड और दस अध्याय में विभक्त इस लंबे-चौडे प्लान में भी विकास को लेकर केवल प्लानिंग ही की गई है। पुरानी कालोनियों के पुनर्विकास का इसमें जिक्र तक नहीं है। नई अनधिकृत कालोनियां न बसें, इसका तो ध्यान रखा गया है, लेकिन पुरानी अनधिकृत कालोनियों का विकास कैसे किया जाए, इसे लेकर कारगर प्लानिंग का अभाव खटकता है। ऐसा न होने की सूरत में राष्ट्रीय राजधानी का चहुंमुखी विकास कतई संभव नहीं हो सकता।

प्राकृतिक आपदाओं के लिए भी संवेदनशील है दिल्ली : राजधानी की नियमित कालोनियों में बिल्डर फ्लैट के चलन से भी आबादी कई गुणा बढ़ती जा रही है। आबादी बढ़ने व सुविधाएं सीमित रहने की वजह से सिस्मिक जोन-4 में शामिल दिल्ली प्राकृतिक आपदाओं के लिए संवेदनशील हो रही है। समस्या को दूर करने के लिए राजधानी में कई स्तरों पर प्लानिंग हुई है, री-डेवलपमेंट प्लान भी बने, लेकिन

पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक के समीप किनारी बाजार, जहां घनी आबादी के साथ जर्जर भवन कभी भी हादसे को दे सकते हैं दावत ● चंद्र प्रकाश मिश्र

सिरे नहीं चढ़ सके। इसका सबसे बड़ा उंदाहरण लैंड पुलिंग नीति है, जिसके तहत अब तक एक भी सेक्टर फाइनल नहीं हो पाया है।

कारगर साबित नहीं हुई लैंड पुलिंग नीति : अधिकारियों के अनुसार लैंड पुलिंग नीति वर्ष 2018 में अधिसूचित हुई थी, लेकिन अभी तक सफल नहीं हो सकी है। इसकी दो सबसे बड़ी बाधाएं यह हैं कि इसमें 70 प्रतिशत भू-स्वामियों का एकसाथ आना और 70 प्रतिशत जमीन एकसाथ मिलना जरूरी है। ड्राफ्ट मास्टर प्लान-2041 में एफएआर बढ़ाकर पुरानी बिल्डिंगों को री-डेवलप करने का प्लान है। इन कालोनियों में ऊंची इमारतें बनेंगी। बची जगहों पर जनसुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। यहां पार्किंग, सड़कें, स्वास्थ्य सेवा, पार्क आदि के लिए जगह रहेगी। अगस्त 2022 में केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने शहरी री-डेवलपमेंट में तेजी लाने के लिए दिल्ली विकास अधिनियम-1957 में बदलाव प्रस्तावित किए हैं। इसे मंजूरी मितली है तो बड़ी अड़चन दूर हो जाएगी।

आमजन का दर्द: पूर्वी दिल्ली के इंद्रप्रस्थ एक्टेंशन की कुछ हाउसिंग सोसायटी 70 और 80 के दशक में बनी थी। इन्हें री-डेवलपमेंट की जरूरत है। लोगों ने इसकी कोशिशें भी कीं, लेकिन सफल नहीं हुए। आरडब्ल्यूए संगठन ऊर्जा के अध्यक्ष अतुल गोयल के अनुसार चार-पांच दशक पुरानी कालोनियों का री-डेवलपमेंट प्लान जरूरी है । डीडीए को लोगों के साथ मिलकर नियम बनाने होंगे।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पूर्व कमिश्नर (प्लानिंग) एके जैन बताते हैं कि नियम तो कई हैं, लेकिन उन्हें लागू करना मुश्किल हो रहा है। राजधानी की 50 प्रतिशत से अधिक बिल्डिंग लेआउट प्लान के अनुरूप नहीं हैं। गांवों में कोई रोकटोक नहीं है। वर्ष 2007 में एक समिति बनी थी, जिसने 80 प्रतिशत बिल्डिंग असुरक्षित बताई। डीडीए फ्लैट्स में भी काफी अधिक बदलाव हो रहे हैं। भवन उपनियम सख्ती से लागू हो नहीं पाते। जैन बताते हैं कि उन्होंने सुझाव दिया था कि गांव, पुरानी दिल्ली, अनधिकृत कालोनियों में 100 वर्ष पुरानी बिल्डिंगों के लिए स्ट्रक्चरल सेफ्टी सर्टिफिकेट अनिवार्य किया जाए। इनमें यदि रेट्रो-फिटिंग की जरूरत होती है, तो उसे सरकार सब्सिडाइज रेट पर करे, ताकि लोगों पर बहुत अधिक बोझ न आए। इसके लिए पहले लोगों को छह महीने का समय दिया गया, फिर एक वर्ष का, उसके बाद दो वर्ष का और अंत में यह रद ही हो गया। यदि री-डेवलमेंट की बात की जाए, तो इसे न्यायाक प्रक्रिया में लाना होगा, ताकि राजनेताओं की दखलअंदाजी कम हो। वहीं, डीडीए के पूर्व योजना आयुक्त सब्यसाची दास ने बताया कि डीडीए एक्ट में जो बदलाव किए जा रहे हैं, वे काफी पहले हो जाने चाहिए थे। यह री-डेवलपमेंट के लिए जरूरी हैं। लेकिन, हम पहले ही इसमें लगभग दस वर्ष विलंब से चल रहे हैं। इन बदलावों के बिना पुनर्विकास की कोई भी योजना सिरे नहीं चढ सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि जमीन आज सबसे बड़ी समस्या है। लोग पुनर्विकास में हिस्सा नहीं लेते हैं, इसीलिए अनधिकृत और पुराने बसे इलाकों के हालात बदतर हो रहे हैं। राजधानी में लोग वर्षों से एक ही जगह रह रहे होते हैं। वहां से उनकी भावनाएं जुड़ी होती हैं और यह उनकी कमाई का जरिया भी होता है। इसलिए सभी लोग इसके लिए तैयार नहीं होते।

इसलिए जरूरी है पुनर्विकास

राजधानी की घनी आबादी वाली कालोनियों में इस समय बिल्डर फ्लैट का चलन तेजी से फल-फूल रहा है। 50 से 200 गज जमीन पर भी चार मंजिल की इमारत में ये लोग कई फ्लैट बना देते हैं। इनमें से ज्यादातर फ्लैट का न लेआउट प्लन होता है, न गुणवत्ता जांच होती है। यह भूकंपरोधी हैं या नहीं, इसे लेकर भी कोई स्पष्टता नहीं रहती है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------- DATED-- दिल्ली जागरण

डीडीए के 39 अधिकारियों की सीबीआइ में शिकायत

नई दिल्ली : मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निर्माण में हुई अनियमितता के मामले में डीडीए ने अपने 39 अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों की सीबीआइ में शिकायत कर इनके खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की मांग की है। ● पेज 3

डीडीए के 39 अधिकारियों के खिलाफ सीबीआइ में शिकायत

एलजी के आदेश पर दिल्ली विकास प्राधिकरण ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निर्माण में हुई अनियमितता के मामले में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अपने 39 अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों की सीबीआइ में शिकायत कर इनके खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की मांग की है। उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने डीडीए के उपाध्यक्ष को 24 जनवरी को मामले में जांच कर आरोपितों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने निर्देश दिया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

वीके सक्सेना ●

वर्ष 2007-2009 के दौरान निर्मित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट परिसर में वर्ष 2011-2012 में फ्लैट आवंटित किए गए थे। इसके तुरंत बाद फ्लैटों में निर्माण संबंधी समस्याएं आने लगी थीं। यहां के निवासियों ने इस संबंध में डीडीए से शिकायत की। पहले अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। बाद में आइआइटी दिल्ली से जांच कराई गई। वर्ष 2021-

- सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट निर्माण में अनियमितता पर की शिकायत
- आवंटन के बाद ही फ्लैटों में आने लगी थीं निर्माण संबंधी समस्याएं

2022 में दी गई रिपोर्ट में इमारत को संरचनात्मक रूप से असुरक्षित पाया गया था। इसे तुरंत खाली करने व तोड़ने की सिफारिश की गई थी। इस परिसर में 336 एचआइजी व एमआइजी फ्लैट हैं।

सतर्कता जांच में मिली है कमी: एलजी के आदेश के बाद डीडीए ने सतर्कता जांच कराई, तो सामने आया कि डीडीए अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच सांठगांठ से निर्माण में गुणवत्ता व संरचनात्मक सुरक्षा से समझौता किया गया। अनुबंध और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की नियमावली में तय गुणवत्ता नियंत्रण के प्रविधानों को दरकिनार किया गया। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। यही कारण है कि निर्माण के तीन-चार वर्ष में ही इमारत जर्जर होने लगी।

सख्त कार्रवाई » संपादकीय

अधिकारियों पर भ्रष्टाचार करने का आरोप

डीडीए ने अपनी शिकायत में सीबीआइ से मैसर्स विनर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स ग्रोवर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के साथ परीक्षण एजेंसी मैसर्स भारत टेस्ट हाउस और मैसर्स दिल्ली टेस्ट के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का अनुरोध किया है। अनियमितता में शामिल डीडीए ने इस अवधि के दौरान इस प्रोजेक्ट से जुड़े तीन सदस्य (इंजीनियरिंग), छह मुख्य अभियता, नौ अधीक्षण अभियता, नौ कार्यकारी अभियंता, चार सहायक अभियंता, आठ कनिष्ठ अभियंताओं और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, जीवन को खतरे में डालने व सार्वजनिक सुरक्षा और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्य प्रविधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

सांसद खेल प्रतियोगिता से छिपी प्रतिभा को मिल रहा मौका : डा. हर्षवर्धन

जासं., नई दिल्ली: चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत महर्षि दयानंद दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) पार्क केशवपुरम में बैडमिंटन टूर्नामेंट और कम्युनिटी सेंटर चमेलियान रोड पर कैरम प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डा. हर्षवर्धन ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ समय बिताया और उनके अनुभव साझा किए।

पहले दिन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अलग-अलग आयु वर्ग की 95 टीमों के करीब 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया और कैरम बोर्ड प्रतियोगिता

- पूर्व केंद्रीय मंत्री व चांदनी चौक के सांसद ने बैडमिंटन व कैरम समेत अन्य खेल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

